दिनांक : 06.11.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रादेशिक समाचार

उप चुनाव

विधानसभा की दो सीटों पर उपचुनाव के लिए प्रचार तेज होने लगा है। आज भाजपा के वरिष्ठ नेता विजयपुर ओर बुधनी विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा विजयपुर, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान विजयपुर और बुधनी में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बुधनी विधानसभा के ग्राम पिपलानी और छिदगांव काछी में आमसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने आज बुधनी में कहा कि प्रदेश में जनता भाजपा के साथ है।

उधर कांग्रेस के पार्टी के बड़े नेता कल विजयपुर में प्रचार करेंगे। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा विजयपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में गौरस में जनसभा को संबोधित करेंगे।

नीति आयोग-जल उत्सव

नीति आयोग ने जल प्रबंधन, संरक्षण और सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रति जागरूकता बढाने के लिए आज से 15 दिन के जल उत्सव का शुभारंभ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष दिसंबर में आयोजित मुख्य सचिवों के सम्मेलन के दौरान नदी उत्सव की तर्ज पर जल उत्सव मनाने का विचार सामने रखा था। नीति आयोग ने कहा कि जल उत्सव 24 नवंबर तक 20 आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में मनाया जा रहा है। इसका आयोजन जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा किया गया है। एक पखवाड़े के दौरान विशिष्ट व्यक्ति और स्थानीय नेताओं द्वारा जल बंधन संकल्प दिलाया जाएगा और जल संपदा पर तथ्यात्मक जानकारी दी जाएगी।

विधिक सेवा

प्रदेश में विधिक सेवा सप्ताह के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शिवपुरी जिले में करैरा न्यायालय परिसर में तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 170 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। धार में कल विधिक साक्षरता सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन एवं उद्देश्य की जानकारी दी गई। साथ ही धार जिला चिकित्सालय के समन्वय से वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया।

बिहार छठ पूजा

लोक आस्था के पर्व छठ पूजा के दूसरे दिन आज खरना का विधान किया जा रहा है। सूर्य देव और छठी मैया को अर्घ्य देने के बाद व्रती खरना के प्रसाद के रूप में खीर और रोटी ग्रहण कर रहे हैं। खरना के बाद 36 घंटे का उपवास शुरू हो जाएगा जिसमें वे पानी और भोजन ग्रहण नहीं करते हैं। राजधानी भोपाल सहित अन्य जिलों में छठ पर्व मनाया जा रहा है । इसके लिए विभिन्न घाटों पर व्यवस्थाएं की गई है।

रेलवे विशेष ट्रेन

रेल प्रशासन द्वारा छठ त्यौहार के अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से सामान्य यात्रियों के लिए गाड़ी संख्या 01101/01102 एलटीटी-दानापुर-एलटीटी के मध्य अनारक्षित स्पेशल ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया गया है। जिससे अनारक्षित श्रेणी के यात्रियों को सीजन में भीड़ से राहत मिल सके। इस अनारक्षित स्पेशल गाड़ी में के कुल 20 कोच होंगे। यह गाड़ी दोनों

दिशाओं में पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव कर गंतव्य को जाएगी।